रामपुर में बनाया जा रहा था नकली डीजल क्या हुई कार्रवाई पढ़ें यह खबर

Publish Date:Sat, 16 Nov 2019 10:10 AM (IST)

एसडीएम ने शाहबाद के खेत में मिलावटी तेल बनाने के खेल का भंडाफोड किया है।

रामपुर। जिले के शाहबाद में नकली डीजल बनाने का पर्दाफाश हुआ है। एसडीएम के छापे में खेत में डीजल, पेट्रोल और मिट्टी का तेल मिला। इसके अलावा नकली डीजल बनाने का सामान भी बरामद हुआ। पुलिस अब आरोपित की तलाश में है। उपजिलाधिकारी प्रवीण कुमार वर्मा ने गुरुवार की रात पुलिस बल के साथ सिरौली मार्ग पर निर्माणाधीन कांटे के पास बनी कोठरी पर छापा मारा। कोठरी और पड़ोस में ईख के खेत में जांच की गई। वहां भारी मात्रा में डीजल, पेट्रोल, मिट्टी का तेल बरामद हुआ। निरीक्षण में गन्ने के खेत से पांच खाली ड्रम, केन में केरोसिन ऑयल, केन में थिनर और केन में नकली डीजल के साथ-साथ डीजल बनाने का सामान भी पकड़ा। इस दौरान तेल माफिया फरार हो गया। बरामद सारा सामान पूर्ति निरीक्षक व पुलिस के हवाले कर दिया गया। प्रशासन ने माफिया के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की तैयारी शुरू कर दी है। कार्रवाई के दौरान तहसीलदार अशोक कुमार समेत पुलिस बल मौजूद रहा।

आंवला तेल डिपो से आने वाले टैंकरों से होती है डीजल चोरी

आंवला तेल डिपो से आने वाले टैंकर इन माफिया को कम दामों पर तेल बेचते हैं। मार्ग पर आधा दर्जन से अधिक ऐसी जगह हैं, जहां पर माफिया इन टैंकरों से तेल खरीदते हैं। करीब पांच साल पूर्व तत्कालीन उपजिलाधिकारी ने भी रात में छापा मारकर तीन माफिया को मौके पर ही टैंकर से तेल निकालते हुए गिरफ्तार कर लिया था। रोडवेज में भी तेल चोरी का खेल पकड़ा गया था।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/moradabad-city-adulterated-diesel-was-being-made-in-rampur-read-what-happened-19761928.html